हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
सोमवार, 10 फरवरी 2020, बरेली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण, नगर
www.livehindustan.com

PAGE NO. 5 : RIGHT MIDDLE

जोड़ की हड्डी के ऑपरेशन का लाइव प्रसारण

एसआरएमएस

बरेली | वरिष्ठ संवाददाता

श्री राममूर्ति स्मारक इन्स्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में रविवार को हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग और बरेली ऑर्थोपेडिक्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में ऑर्थोप्लास्टी सिंपोजियम 2020 का आयोजन हुआ। एक दिवसीय कॉन्फ्रेंस में जोड़ की हड्डी के ऑपरेशन का लाइव प्रसारण किया गया। अतिथियों का स्वागत डा. अपसर खान ने किया। समारोह में एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने कहा कि



आर्थोप्लास्टी सिंपोजियम 2020 को संबोधित करते अतिथि। ● हिन्दुस्तान

ऐसे कॉन्फ्रेंस से चिकित्सा पद्धति और नवीन विधाओं को समझती है। इसका फायदा मरीज के इलाज में होता है।

कॉन्फ्रेंस के प्रथम सत्र का मुख्य विषय टोटल नी रिप्लेसमेन्ट (पूर्ण घुटना प्रत्यारोपण) रहा। नई दिल्ली प्राइमस हॉस्पिटल के डा. दीपक ठाकुर ने बताया कि ऐसे मरीज जिनके घुटने 30 डिग्री से अधिक मुड़ चुके है, उनके ऑपरेशन के दौरान क्या सावधानी बरतनी चाहिए। मैक्स हॉस्पिटल, नई दिल्ली के डा. अनिल अरोरा ने वैलगस नी (बाहर की ओर मुडे हुए घुटनों) के ऑपरेशन की जटिलताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने ऐसे रोगियों के घुटना प्रत्यारोपण पर चर्चा की, जिनको पूर्व में अर्थराइटिस (गठिया) हो जाने के कारण उनके घुटनों में विसंगति हो गई है। गंगाराम अस्पताल नई दिल्ली के डा. सीएस यादव ने एक ऐसे रोगी के घुटना प्रत्यारोपण पर चर्चा की, जिसकी पूर्व में कई बार घुटने के आस-पास के स्थान पर सर्जरी हो चुकी है। डा. अनिल अरोरा ने जटिल घुटना प्रत्यारोपण की सर्जरी की, जिसका सजीव प्रसारण किया गया।

द्वितीय सत्र का विषय जटिल कूल्हा प्रत्यारोपण रहा। डा. ईश्वर बोहरा ने बताया कि किस प्रकार एक्स-रे को देख कर मरीज का कुल्हा प्रत्यारोपण की योजना बनानी चाहिए। डा. सीएस यादव ने एक पूर्ण कूल्हा प्रत्यारोपण के जटिल ऑपरेशन केस का प्रसारण किया गया। इस मौके पर डा. आदित्य माहेश्वरी, डा. वरुण अग्रवाल, डा. संजय गुप्ता, डा. उत्कल गुप्ता, डा. सीबी गंगवार, डा. आलोक शर्मा, डा. प्रमेंद्र मौजूद रहे।